an>

Title: Need to provide potable water in rural areas of Amroha Parliamentary Constituency of Uttar PRadesh.

श्री कँवर सिंह तँवर (अमरोहा) : माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अमरोहा की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में धनौरा से गजरौला शहर होते हुए बगद नदी बहती थी, जो कि विकास खण्ड गंगेश्वरी, हसनपुर, गजरौला के गांवों से होकर आगे गंगा नदी में जाकर मिल जाती है। परन्तु, अब यह नदी मात्र एक नाला बनकर रह गयी है। इसमें कई औद्योगिक फैक्ट्रियां अपना रसायनयुक्त प्रदूषित पानी छोड़ते हैं। इसके कारण विकास खण्ड गंगेश्वरी, हसनपुर, गजरौला के ग्रामों तथा हसनपुर विधानसभा के अधिकतर गांवों में लाखों लोग दूषित तथा संक्रमित जल पीने को मज़बूर हैं और इसके कारण वे कैंसर, हेपेटाइटिस-सी जैसी जानलेवा बीमारियों के शिकार हैं।

सभापति जी, अगर मैं आपको वहां का पानी दिखा दूं तो आप उसे देखकर हैरान रह जाएंगे। वहां के पानी का रंग बिल्कुल पेट्रोल या डीज़ल के रंग के जैसा है। वहां के लोग बदबूदार पानी पीने को मज़बूर हैं।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इन लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाएं तथा वहां पानी की टंकी जल्द-से-जल्द लगवाने की व्यवस्था करें। यहां के निवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा तथा उनके स्वास्थ्य जांच के लिए एक जांच समिति बनाई जाए, जिससे इस क्षेत्र में बढ़ रहे जल प्रदूषण को रोकने के लिए एक प्रभावी नीति बनाई जा सके।